दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 86 मुरादाबाद 21 July 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## यूपी के स्कूलों की सुधरेगी व्यवस्था, दो लाख से ज्यादा परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों को टेबलेट देगी योगी सरकार

यूपी सरकार वित्तीय वर्ष 2022-23 में 9294.22 करोड़ रुपये खर्च कर प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा व्यवस्था में सुधार करेगी। माध्यमिक शिक्षा पर 459.79 करोड़ और बेसिक शिक्षा पर 8834.43 करोड़ खर्च होंगे। सरकार 2,09,863 परिषदीय स्कूल के शिक्षकों को टेबलेट देगी। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को सभी के लिए शिक्षा परियोजना परिषद कार्यकारी समिति, पीएम पोषण योजना प्रबंधकारिणी समिति और समग्र शिक्षा (माध्यमिक) कार्यकारी समिति की बैठक में यह जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में प्रदेश के हर जिले में नोडल अधिकारी बनाए जाएंगे। सर्व शिक्षा अभियान के राज्य परियोजना निदेशक विजय किरन आनंद ने बताया कि प्राथमिक शिक्षा में 441.14 करोड़ रुपये से 18,381 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास और 209.86 करोड़ से 2,09,863 परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों के लिए टेबलेट दिए जाएंगे। पांच करोड़ की लागत से विद्या समीक्षा केंद्र की स्थापना की जाएगी। कक्षा 1 से 8 तक के अध्ययनरत 184.72 लाख छात्र-छात्राओं को 546.34 करोड़ रुपये से मुफ्त पाठ्य पुस्तक और 932.81 करोड़ से 155.46 लाख को यूनीफार्म दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी 1.90 करोड़ छात्र-छात्राओं के लिए लर्निंग आउटकम पर आधारित होलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड तैयार करने पर 3.83 करोड़ रुपये खर्च होगा और 25.75 करोड़ से 12,879 आंगनबाडी केंद्रों में बच्चों के लिए फर्नीचर की व्यवस्था होगी। विकास खंड संसाधन केंद्रों पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कराने पर 23.91 करोड़ और प्री-प्राइमरी से कक्षा-12 तक के सभी छात्र-छात्राओं का चाइल्ड ट्रैकिंग के लिए 6.62 करोड़ खर्च होंगे। 880 विकास खंड संसाधन केंद्रों पर आईसीटी लैब्स बनाने पर 56.32 करोड़, 53.69 करोड़ 414 जर्जर विद्यालयों को ठीक कराने और 91.04 करोड़ 446 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का कक्षा-12 तक उच्चीकरण निर्माण पर खर्च होगा।



### माध्यमिक में क्या होगा

- 298 राजकीय इंटर कॉलेजों में सोलर पैनल
- 29 राजकीय इंटर कॉलेजों में रसायन, जीव व भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला
- 468 राजकीय इंटर कॉलेजों में कंप्यूटर कक्ष
- 63 राजकीय इंटर कॉलेजों में स्मार्ट क्लास बनाएंगे
- 890 राजकीय इण्टर कॉलेजों में कंप्यूटर शिक्षक रखे जाएंगे
- 289 राजकीय इंटर कॉलेजों में आईसीटी की सुविधा दी जाएगी
- 46 स्कूलों में शिक्षकों के लिए आवास
- 298 स्कूलों में सोलर पैनल लगवाए जाएंगे
- मिड-डे-मील व पीएम पोषण पर 2543.96 करोड़ खर्च होंगे

उन्होंने बताया कि 19,223 दिव्यांग बच्चों को मुफ्त उपकरण, दृष्टिबाधित बच्चों को 2,672 ब्रेल पाठ्य पुस्तकें और 2,086 इंलार्ज प्रिंट टेक्स्ट बुक्स पर 7.76 करोड़ खर्च होंगे। 15,448 दिव्यांग बालिकाओं को 200 रुपये हर माह स्टाइपेन्ड और 6,953 दिव्यांगों को 600 रुपये प्रतिमाह एस्कॉर्ट एलाउंस देने पर 7.25 करोड़ खर्च होगा। कक्षा 6-8 के विद्यार्थियों के लिए क्विज प्रतियोगिता और विज्ञान प्रदर्शनी 0.75 करोड़, 22,998 विद्यालयों में साइंस किट देने पर 20.68 करोड़, आरटीई एक्ट में निजी स्कूलों में दाखिला दिलाने पर 2.43 करोड़ खर्च होंगे। बताया गया कि 95 प्रतिशत स्कूलों में बालिका शौचालय की व्यवस्था की जा चुकी है। मुख्य सचिव ने कहा शेष पांच प्रतिशत एक माह में पूरा किया जाए।

## BJP ने राहुल गांधी को बताया अनुपयोगी, कहा- लोकसभा कामकाज पर अंकुश लगाने पर अड़े



संसद की कार्यवाही बाधित करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सवाल उठाए। भाजपा ने राहुल पर संसदीय परंपराओं का अपमान करने के आरोप लगाए हैं। पार्टी ने यह भी कहा कि कांग्रेस नेता लोकसभा की प्रोडक्टिविटी को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। विपक्षी दलों ने राहुल की अगुवाई में महंगाई समेत कई मुद्दों को लेकर संसद परिसर में धरना दिया था। संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हुआ है लेकिन कुछ खाद्य पदार्थों पर जीएसटी लगाए जाने और बढ़ती महंगाई जैसे मुद्दों पर कांग्रेस सहित विपक्षी सदस्यों के विरोध के चलते दोनों सदनों में अब तक कामकाज सुचारू रूप से नहीं हो सका है। सरकार और विपक्ष दोनों ने एक दूसरे पर देश से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा से बचने का आरोप लगाया है। केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि अपने राजनीतिक जीवन में गांधी पूर्व में भी संसदीय कार्यवाहियों और परंपरा के प्रति असम्मान दिखा चुके हैं और अब वह लोकसभा कामकाज पर भी अंकुश लगाने पर अड़े हैं। ईरानी ने कहा कि वर्ष 2004 से 2019 के बीच अमेठी के सांसद के तौर पर राहुल गांधी ने संसद में एक भी प्रश्न नहीं उठाया और जब उन्होंने संसदीय क्षेत्र को छोड़ दिया और वायनाड के सांसद बन गए। उन्होंने कहा कि तब लोकसभा में 2019 में शीतकालीन सत्र में उनकी उपस्थिति 40 प्रतिशत से भी कम थी। वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में अमेठी से राहुल गांधी को हरा चुकीं ईरानी ने आरोप लगाया कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने सदन में कभी कोई निजी विधेयक भी पेश नहीं किया। ईरानी ने गांधी की विदेश यात्राओं पर भी कटाक्ष किया और कहा कि यह उनकी अपनी ही पार्टी में चिंता का विषय बन गया है। उन्होंने कहा अपने राजनीतिक जीवन में गांधी पूर्व में भी संसदीय कार्यवाहियों और परंपरा के प्रति असम्मान दिखा चुके हैं और अब वह यह सुनिश्चित करने के लिए स्वयं को समर्पित कर चुके हैं कि न तो संसदीय कार्यवाही हो और न ही कोई बहस हो। ईरानी ने कहा %वह राजनीतिक तौर पर अनुपयोगी हो सकते हैं, लेकिन उनसे मैं कहना चाहती हूं कि वो संसद की उत्पादकता पर अंकुश लगाने की कोशिश निरंतर न करें। उन्होंने कहा कि भारत की संसद, भारत की अपेक्षाओं, आकांक्षाओं का प्रतीक है। देश की जनता ये चाहती है कि संसद में उन विषयों पर चर्चा हो, जो देश के हर नागरिक के लिए महत्वपूर्ण है।

## मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है....गाना बजाएं अखिलेश यादव, ओपी राजभर बोले-मैं तलाश लूंगा दूसरा आंगना

अपने बयानों से सुर्खियों में रहने वाले सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार जहां एक तरफ उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफों के पुल बांधे हैं। वहीं दूसरी तरफ सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर करारा हमला किया है। इस बीच सपा नेता मोहम्मद आजम खान ने राजभर पर पलटवार किया है। एक टीवी चैनल को दिये गये बयान में राजभर ने मुख्यमंत्री को कर्मठ, ईमानदार और मेहनती मुख्यमंत्री करार देते हुए कहा कि सीएम की ईमानदारी पर कोई प्रश्न



नहीं उठा सकता है। वे एक कर्मठ नेता हैं और उनके काम में कोई कमी नहीं है। इसी वजह से उनकी चर्चा शिवपाल सिंह यादव के साथ ही अन्य लोग करते हैं। हाल ही में हुए लोकसभा उपचुनाव के अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि उपचुनाव के दौरान आजमगढ़ में वह जहां-जहां गए सब जगह लोगों ने यही कहा कि समाजवादी पार्टी के काल में जो गुंडागर्दी, रंगदारी थी, इस सरकार में हमें निजात मिली है। झांसी, बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, एटा, इटावा, सहारनपुर, बागपत, शामली हर जगह व्यापारियों ने योगी आदित्यनाथ की सराहना कीराजभर ने सीएम की तारीफ करने के साथ ही यह भी कहा कि योगी सरकार में बड़ा बदलाव आया है। उनकी भी मांगों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। ऐसा पिछले पांच साल में पहली बार देखने को मिल रहा है। सपा गठबंधन छोड़ने के सवाल पर राजभर ने कहा- %अखिलेश यादव जब गाना बजा दें कि मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है, फिर मैं दूसरा अंगना तलाश लूंगा।% राजभर ने कहा कि सपा गठबंधन में अखिलेश के खिलाफ ज्वालामुखी उबल रहा है। आजम खान हों या शिवपाल यादव कोई उनसे खुश नहीं है। सपा गठबंधन में जल्द ही बड़ा खेल देखने को मिलेगा। राजभर के इस बयान पर कि अखिलेश यादव कभी अपने एसी कमरे से बाहर नहीं निकलते जब आजम खान की प्रतिक्रिया ली गई तो उन्होंने कहा- मैंने उन्हें (राजभर) को भी कभी धूप में खड़े नहीं देखा है। झूठ न बोलें, सच बयान करें तो अच्छा रहेगा।

# कॉल विधानसभा क्षेत्र में जो किसान निधि से वंचित उनको किसान निधि उपलब्ध कराई जाए-ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़- भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह कहां है कि कॉल विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश किसानों को किसान निधि नहीं पहुंच पाई है किसानों को किसान निधि न पहुंचना यह सर्वे करने वालों की लापरवाही का प्रमाण है किसानों ने बताया है कि आवेदन किए हैं पर किसान निधि अभी तक मंजूर नहीं हुई है इसके लिए जिला कृषि कार्यालय एवं राजस्व निरीक्षक की लापरवाही का प्रमाण है जिन किसानों के पास किसान निधि नहीं पहुंची है उन किसानों तक किसान निधि पहुंचने चाहिए किसान निधि किसानों तक न पहुंचना एक गंभीर लापरवाही है तहसील विभाग किसान निधि के लिए जो किसान रह गए हैं उनकी सर्वे करें भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह यह भी कहा है कि कॉल विधानसभा क्षेत्र में जितने भी बिजली घर संचालित हैं उपखंड अधिकारी एवं अवर अभियंता तैनात है वह अपने संविदा कर्मचारियों पर अंकुश लगाएं किसानों से एवं किसानों के परिवारों से कनेक्शन जोड़ने के नाम पर जमकर वसूली करते हैं वसूली के नाम पर किसानों का शोषण एवं उनके परिवारों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के महानगर उपाध्यक्ष चित्र पाल सिंह महानगर महामंत्री विजय विक्रम सिंह महानगर उपाध्यक्ष सुशील भारद्वाज महानगर उपाध्यक्ष विनोद कुमार यादव महानगर उपाध्यक्ष नीतू राजपूत महानगर मंत्री अमित प्रताप सिंह महानगर मंत्री महेश चंद बघेल महानगर कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र सिंह बघेल महानगर कार्यकारिणी सदस्य डम्मर सिंह कार्यकारिणी सदस्य नितिन शर्मा कार्यकारिणी सदस्य सचिन कुमार सिंह कार्यकारिणी सदस्य वीरेश सिंह जय गंज मंडल अध्यक्ष सिमरन मिर्जा गांधी नगर मंडल अध्यक्ष संतोष तिवारी विष्णुपुरी मंडल अध्यक्ष दीपक सिंह महावीर गंज मंडल अध्यक्ष लाल बहादुर मडराक मंडल महामंत्री तेजेंद्र प्रताप सिंह आदि ने जो किसान किसान निधि से वंचित रह गए हैं उनको किसान निधि उपलब्ध कराए जाने की मांग की है

## युद्ध नशे के विरुद्ध बैठक का आयोजन, विक्रेता दवा दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगवाना सुनिश्चित करें-संयुक्त कलेक्टर

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के निर्देशन पर संयुक्त कलेक्टर शिव बनर्जी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस. सिंह, उप संचालक श्री संजय नेताम, औषधि निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा व अमरेश तिर्की की उपस्थि संयुक्त जिला कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में एक युद्ध नशे के विरुद्ध बैठक आहूत की गई, कार्यक्रम के जिसमें जिले समस्त दवा दुकान के संचालकों, औषधि विक्रेता, संघ के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित हुए। इस बैठक में संयुक्त कलेक्टर ने सभी दवा दुकानों में सी.सी.टी.वी. कैमरा स्थापित करने के निर्देश दिये एवं आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए आवश्यक कार्यवाही किये जाने पर बल दिया। डॉ. आर.एस. सिंह बैठक को सम्बोधित करते हुए जिले को नशा मुक्त बनाने हेतु केमिस्टो की भूमिका की जानकारी दी तथा उनके द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना किया। उप संचालक संजय नेताम ने इस संबंध में विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी भी रखी, संघ के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने जिला प्रशासन को आश्वस्त किया कि इस कार्य को जल्द से जल्द कर लिया जायेगा। संघ के सचिव विकास अग्रवाल ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की, जिले में संचालित 220 दवा दुकानों में से 135 दवा दुकानों में सी.सी.टी.वी. कैमरा लग चुका है एवं शेष दुकानों में लगाने हेतु संघ के माध्यम से सभी सदस्यों को समय-समय पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये है और जल्द ही शत् प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया जायेगा, साथ ही संघ के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि एनआरएक्स दवाओं की बिक्री बिना वैद्य पर्ची के पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसके लिए संघ द्वारा समय-समय पर अपने सदस्यों को जानकारी प्रदाय की जाती है। बैठक उपरांत अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, सचिव विकास अग्रवाल व सदस्यों द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों को गुलदस्ता भेंट कर आभार व्यक्त किया गया।

## पॉक्सो एक्ट के वांक्षितों के खिलाफ चला अभियान, 12 गिरफ्तार



तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली - बरेली के एसएसपी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज के निर्देश पर बरेली पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में वांक्षित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए दो दिन का अभियान चलाया। जिसमे मंगलवार और बुधवार को चले अभियान में 9 मुकदमों में वांक्षित 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है वही जिसमे एक नाबालिग भी शामिल है। अभियान में शीशगढ़ , मीरगंज, इज्जतनगर, शेरगढ़ पुलिस ने एक- एक जबकि फतेहगंज पश्चिमी, नवाबगंज, बिथरी चैनपुर पुलिस ने दो-दो वांक्षित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रेप, छेड़छाड़ जैसे संगीन आरोपों में वांक्षितों को गिरफ्तार किया है। वही एसपी क्राइम मुकेश प्रताप सिंह ने बताया कि दो दिन के अभियान में 12 वांक्षितों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें 3 वांक्षित रेप के आरोपी है।

## तीन शातिर अपराधियों पर गैंगेस्टर की कार्यवाही

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- थाना मल्हीपुर पुलिस ने अभियुक्त छब्बू खां पुत्र मनसब खां निवासी बनकटवा महुली 2. नियामत अली उर्फ चैतू पुत्र सकरु खां, 3. सद्दाम उर्फ सद्दन खां पुत्र मो0 उमर निवासी चौरीकुटिया थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती के विरुद्ध धारा 3( 1 ) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की गयी। इनका एक संगठित गिरोह है जिसका लीडर छब्बू है। अभियुक्तगणों द्वारा आर्थिक/भौतिक लाभ गोवंश की चोरी कर उनका वध करके उनकी खाल व मांस बेचने की घटनाए कारित की जाती रही है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com


# 2 दिन में मानदेय मिलने के आश्वासन पर विद्युत विभाग की हड़ताल खत्म

हारुन बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद कर्मचारियों की हड़ताल होते ही कार्यदायी संस्था के अधिकारी घुटनों पर आ गए। उन्होंने शीघ्र ही बकाया मानदेय देने व सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध कराने का आश्वासन देकर हड़ताल खत्म करवाई है। भारत इंटरप्राइजेज कंपनी के एरिया मैनेजर गौरव द्विवेदी तथा अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण खंड भोलेपुर डिवीजन एसके श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता नगरीय आरवी यादव व ग्रामीण के अधिशासी अभियंता सुरेंद्र कुमार की उपस्थिति में संगठन पदाधिकारियों के बीच वार्ता अधीक्षण अभियंता कार्यालय में हुई। कंपनी के एरिया मैनेजर द्वारा लिखित रूप से आश्वासन दिया गया है कि जिन कर्मचारियों की पेमेंट अभी तक नहीं आई है वह 2 दिनों के अंदर दे दी जाएगी। साथ ही सुरक्षा उपकरण भी दे दिए जाएंगे और विभाग में एग्रीमेंट भी कराएंगे। पदाधिकारियों के बीच इसी आश्वासन के साथ सहमति बनने पर 3.30 बजे धरने को समाप्त कर दिया गया। वार्ता में मुख्य रूप से संगठन के महामंत्री विष्णु सिंह संयुक्त मंत्री सचिन वर्मा मीडिया प्रभारी अवनीश सिंह उपाध्यक्ष विनोद कुमार आदि तमाम सैकड़ों साथी उपस्थित रहे। संगठन के महामंत्री विष्णु सिंह ने यह जानकारी देते हुये बताया कि सायं करीब 4 बजे जनपद के 40 बिजली घर पर धरना समाप्त कर दिया गया है। सभी कर्मचारी काम पर लग गए हैं।

## एटा-हॉस्पिटल की सर्मनाक ब्यबस्थाए- नालियों मे खुला बहता जिंदा खून

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-होस्पीटल की सर्मनाक ब्यबस्थाए- नालियों मे खुला बहता जिंदा खून- मरीज जाता है सस्ता इलाज कराने सरकारी होस्पीटल मेऔर पर्चा मिलता है महंगी दवाओं का पता किया एसा क्यों तो वहां बैठे डोक्टरों ने कहा कि मेम होस्पीटल मे दवाएं नही है और यह सिलसिला बहुत दिनों से चल रहा है,और उससे भी सर्मनाक सफाई ब्यबस्थाएं जो मरीज और तीमारदारों को खुलेआम बीमारियां परोसी जा रही है, ओटी-वार्ड से बाहर नालियों मे खुला ब्लड बह रहा है,जिसे देखकर दिल दहल जाता है, सौचालय देखकर जी खराब होता है महिला वार्ड के सामने से लेकर आप गंदी नालियों का जमा पानी टूटी सड़कों मे भरा हुआ है जो एक बरसात मे पूरा होस्पीटल पानी-पानी हो जाएगा और जो इस बक्त मौजूदा गंदगी है उसी पानी में मिक्स होकर अच्छे भले लोगों को नरक मे घुसने को मजबूर होना पड़ेगा और इसी गंदगी से इन्फेक्शन फैलेगा कोई बचा नही सकता है। यह सब शासन, और प्रशासन,की आँखो के सामने चल रहा है सीधे तौरपर कहा जा सकता हैकि इस होस्पीटल मे बीमारियां जितनी ठीक नहीं हो सकती उससे ज्यादा इस लापरवाही से बढाई जा रही है और यह लापरवाही सिर्फ मरीजों तक ही सीमित नहीं है तीमारदारों,डाक्टर, और वहां जाने वाले हर स्वस्थ इंसान के लिये भी बड़ा खतरा बना हुआ है।

## हिम्मतनगर बझेरा में राजस्व एवं पुलिस टीम ने अवैध अतिक्रमण को जेसीबी के माध्यम से कराया ध्वस्त

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-उप जिलाधिकारी सदर शिवकुमार ने सूचित किया है कि तहसील एटा सदर क्षेत्र के ग्राम हिम्मतपुर बझेडा स्थित गाटा संख्या- 888/0.450है0, 999/0.210है0, 1001/0.198है0, 999/2/0.162है0, 991स/1.740है0 991/0.162है0 जो कि सी0एच0-41-45 में किले के नाम दर्ज अभिलेख है। गांव वासियों द्वारा अवगत कराया गया कि सदियों पूर्व उक्त भूमि में राजा हिम्मत सिंह ने एक किले का निर्माण कराया था। यह किला वर्तमान समय में पूर्ण रूप से ध्वस्त हो चुका है। कुछ समय पूर्व ग्रामवासियों ने मिलकर किले के ऊपर एक भगवान शिव के मन्दिर का निर्माण कराया और सभी ग्रामवासी मिलजुलकर इस मन्दिर में पूजा अर्चना आदि करते थे लगभग 7-8 दिन पूर्व दयाशंकर पुत्र श्री मोहन लाल निवासी हिम्मतनगर बझेडा ने किले की भूमि पर झोपड़ी, जानवर बांधने की नांद, चारा मशीन व टीन डालकर व अन्य गांव वासियों ने कण्डे एवं बिटियां, बुर्जी बनाकर अबैध रूप से कब्जा कर लिया था स्थित सार्वजनिक मन्दिर में पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक के लिए किसी प्रकार का कोई अवरोध नहीं पाया गया। मीडिया में कुछ गांव वासियों के कहने पर भ्रामक तरीके से दिनांक 18.07.2022 को एक समुदाय विशेष को जलाभिषेक न करने के सम्बन्ध में किया गया प्रसारण असत्य एवं निराधार है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्टेट में किसान दिवस का आयोजन सम्पन्न

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों द्वारा अपनी समस्यायें जैसे बिजली, सड़क, गन्ने के भुगतान, आवारा पशुओं व बंदरों से नुकसान आदि जिलाधिकारी के सम्मुख रखी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने किसानों की न्यायोचित समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने सहित किसानों की विभिन्न दिक्कतों के त्वरित निराकरण के अधिकारियों को निर्देश दिये। किसान दिवस में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा औद्यानिक फसलों की जानकारी कृषकों को उपलब्ध करायी गयी तथा सभी उपस्थित जनपदीय अधिकारियों यथा जिला उद्यान अधिकारी, लीड बैंक प्रबन्धक, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आदि द्वारा अपनी विभागीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करायी गयी। जिलाधिकारी ने किसानों को अवगत कराया कि किसानों की समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु हर संभव प्रयास किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जो समस्यायें किसान दिवस में आई है उन्हें कृषक बंधु लिखित में फोन नम्बर सहित दें, ताकि शिकायत के निस्तारण तथा आपको भी शिकायत के संबंध में जानकारी उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि जो भी शिकायतें आयीं है उनका निस्तारण करने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। सभी कृषक अपना सकारात्मक सहयोग प्रदान करें और मिलते भी रहें ताकि फीडबैक भी मिलता रहें। उन्होंने कहा कि कोई समस्या है तो उसे बतायें जो निदान संभव होगा किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि परिस्थितियों के अनुसार लगातार सुधार हो रहा है और होता रहेगा। जिलाधिकारी ने किसान दिवस में किसानों की सभी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिये हैं। किसान दिवस में किसानों को उप निदेशक उद्यान ने उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने पशुपालन, जिला कृषि अधिकारी ने कृषि विभाग तथा अन्य संबंधित अधिकारियों ने अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के विषय में किसानों को विस्तार से जानकारी उपलब्ध करायी। किसान दिवस में मुख्य रुप से कृषकों द्वारा कृषि की सिंचाई हेतु निर्बाध विद्युत आपूर्ति की मांग की तो लो वोल्टेज समस्या से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियन्ता को विद्युत संबंधी शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियन्ता ने बताया कि लो वोल्टेज की समस्या हेतु किसान ट्यूबवैल पर कैपिस्टर लगवा लें तो समस्यायें स्वतः हल हो जाएंगी। ओवर लोडिंग की समस्या भी हल हो जाएगी। उन्होंने बताया कि जर्जर तारों को बदलने के लिए केन्द्र सरकार की 3 लाख करोड की योजना है इसके अन्तर्गत सभी जर्जर तारों को बदला जायेगा। उन्होंने बताया कि गर्मी ऋतु में समस्या के निस्तारण हेतु कंट्रोल रुम बनाया गया है जिसका नम्बर 7464996013 है, कृषक बंधु अपनी समस्याएं को कंट्रोल रुम के नम्बर पर भी बता सकते हैं। एक कृषक ने बताया कि नहरों में टेल तक पानी नही आ रहा है, इस पर जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि विशेष प्रयास कर नहरों में टेल तक पानी पहुंचाया जाये, ताकि किसान खेत की सिंचाई कर सकें। किसान दिवस में किसानों द्वारा विलम्ब गन्ना भुगतान मूल्य तथा मूढापाण्डे क्षेत्र में आवारा पशुओं द्वारा खेतों में नुकसान करने, जल निगम द्वारा पाइप पेयजल योजना के अन्तर्गत कई वर्षो से सड़कों को खोदकर खराब स्थिति में होने, दलपतपुर क्षेत्र में जर्जर विद्युत लाइन, नहरों में टेल तक पानी पहुंचाने, गर्मी के मौसम में किसानों की फसलों की सिंचाई हेतु विद्युत की लगातार आपूर्ति तथा सड़कों को गडढामुक्ति कराने जैसी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। दिवस में मुख्य विकास अधिकारी श्री आनन्द वर्धन सहित जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, ए-आर कॉपरेटिव, उप निदेशक उद्यान, लीड बैंक मैनेजर, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, गन्ना, सिंचाई विभाग के अधिकारियों सहित बेलबाडा बिलारी, अगवानपुर शुगर मिल के प्रबन्धक एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण तथा कृषकगण उपस्थित रहें।

# मा0 राज्यमंत्री, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, उ.प्र. द्वारा सर्किट हाऊस, मुरादाबाद में विभागीय अधिकारियों के साथ की गयी समीक्षा बैठक

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद - प्रदेश सरकार के 100 दिवस के कार्यक्रम के अन्तर्गत गन्ना विकास विभाग द्वारा आगामी पेराई सत्र हेतु सर्वे सट्टा प्रदर्शन कार्यक्रम, गन्ना मूल्य भुगतान तथा अन्य विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु मा. राज्यमंत्री, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, उ.प्र. द्वारा आज सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों तथा चीनी मिलों के साथ समीक्षा बैठक बैठक की गयी। बैठक में मा. गन्ना राज्यमंत्री, उ.प्र. द्वारा चीनी मिलों को गन्ना मूल्य का भुगतान तत्काल किये जाने के निर्देश के साथ गॉव-गॉव, घर-घर जाकर गन्ना कृषकों के गन्ना की आपूर्ति करने से सम्बन्धित आज से प्रारम्भ सर्वे/सट्टा ऑकड़ो के प्रदर्शन के कार्य को पारदर्शी रूप से समयान्तर्गत सम्पन्न कराये जाने, सोशल/प्रिंट मीडिया के माध्यम से कृषकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दिये जाने, विभागीय योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने तथा सोशल सेक्टर में चीनी मिलों द्वारा अपने योगदान को बढ़ाते हुए कम से कम 01-01 गॉवो को गोद लेकर शिक्षा, रोजगार आदि के क्षेत्र में सहयोग कर आत्मनिर्भर बनाये जाने के सम्बन्ध में निर्देश/सुझाव दिये गये। साथ ही उप गन्ना आयुक्त, मुरादाबाद द्वारा गन्ना कृषकों के गन्ना की आपूर्ति करने से सम्बन्धित आज से प्रारम्भ सर्वे/सट्टा ऑकड़ो के प्रदर्शन के कार्य का चीनी मिल बेलवाड़ा एवं गन्ना समिति मुरादाबाद के ग्राम चमरपुर में निरीक्षण किया गया तथा कृषकों को अवगत कराया गया कि सभी कृषक सर्वे/सट्टा रजिस्टर का अवलोकन करें तथा सर्वे/सट्टा सही नही होने पर तत्काल अपनी आपत्ति को दर्ज करायें। उप गन्ना आयुक्त, मुरादाबाद द्वारा कृषकों को घोषणा पत्र ऑनलाईन भरे जाने तथा सदस्यता के पंजीकरण के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गयी। इस मौके पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, बेलवाड़ा द्वारा कृषकों को उनके मोबाईल पर घोषणा पत्र के भरने, सदस्यता पंजीकरण कराये जाने का प्रशिक्षण भी दिया गया। समीक्षा बैठक में डा0 जयपाल सिंह व्यस्त, मा0 सदस्य विधान परिषद, श्री राजपाल चैहान, जिलाध्यक्ष भाजपा, उप गन्ना आयुक्त, मुरादाबाद, जिला गन्ना अधिकारी, मुरादाबाद, रामपुर, सम्भल एवं अमरोहा तथा जिला-मुरादाबाद की चीनी मिलों के अध्यासी, सचिव, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक उपस्थित रहे।

# काली नदी किनारे खड़े युवक को खींच ले गया मगरमच्छ, मौत

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद/एटा - भेड़ को पानी पिलाने गए युवक को मगरमच्छ पैर पकड़कर अंदर खींच ले गया। ग्रामीणों ने बचाने का प्रयास किया मगर वे बचने में असफल रहे। युवक को जब बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मगरमच्छ ने उसके पैरों को बुरी तरह चबा डाला। थाना बागवाला के गांव ओन निवासी सौरभ ( 18 ) पुत्र अर्जुन भेड़ चराने जाता था। गांव ओन के पास काली नदी है। मंगलवार दोपहर को नदी किनारे भेड़ को पानी पिला रहा था। इसी दौरान मगरमच्छ झपट्टा मार सौरभ को नदी में खींच ले गया। उसके चीखने की आवाज सुनकर ग्रामीण बचाने के लिए दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने युवक को मगरमच्छ के जवड़े से खींचने का काफी प्रयास किया मगर वह उसे पानी में खींच ले गया। कुछ देर बाद ग्रामीणों ने किसी तरह से सौरभ को बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। एक पैर को मगरमच्छ बुरी तरह से चबा डाला था, दूसरे पैर में भी जख्म था। युवक की मौत की बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी पर एसएचओ विनोद कुमार फोर्स के साथ पहुंच गए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।


## संपादकीय Editorial

# Get free vote

Recently, Prime Minister Modi had raised the issue of politics of distributing 'free ravadis'. He had made strong remarks on the culture of collecting votes through free-bies and termed such raviyas as fatal for the development of the country. The Prime Minister, especially cautioning the youth, had called that we have to defeat this thinking and remove it from politics. However, there is no major party in India that has not done the politics of distributing 'free ravadis' during elections. The focus is kept on this campaign - 'Take it free, but vote us for it.' In fact, there is a thin line between ravadis, public welfare schemes and people's lucrative policies. If there is a project related to the life, livelihood, existence of the common citizen and the government is providing it free of cost, then it cannot be kept in the category of 'Rewari'. India is a country with a social welfare thinking, it is a democracy, the government has obligations towards the people.““Economy, fiscal deficit, national debt, GDP and tax collection are very important factors, but in view of them the government cannot push the people towards poverty and hunger. Prime Minister Modi's government is continuously distributing free food grains to 80 crore people. Cheap food grains have been made available separately through the Public Distribution System. There is a food security law in the country. Apart from this, more than 200 crore doses of anti-coronavirus vaccines have also been given free of cost and this trend is still going on. Schemes like Ayushman Bharat, Ujjwala gas scheme, pucca house, water in tap, toilet, Kisan Samman Rashi etc. are almost free of cost. They cannot be considered as 'ravadis', as they are being provided at the national level, to every state and every eligible citizen. Compulsory education is also free for 6-14 year olds in the country. However, top officials had given a conscious advice to Prime Minister Modi that the scheme of 'free food grains' should not be continued till September 2022, as it will put an additional burden of thousands of crores on the economy. The economy may also be unbalanced, but in view of the ill effects of the corona pandemic, the Prime Minister decided to continue with the scheme. The motive was that no citizen of the country should sleep hungry during this period. In fact, free electricity, water, treatment, TV, cycle, laptop, smart phone, bike, saree, mangal sutra, washing machine, pressure cooker, free transport etc. Served on the occasion of election. Though the Prime Minister did not speak of 'ravadis' targeting only Delhi Chief Minister Kejriwal, the quick response came from Kejriwal and his Aam Aadmi Party (AAP). The per capita income in the capital Delhi is Rs 4.01 lakh. . This was himself said by the Deputy Chief Minister of Delhi, Sisodia in the Assembly. Delhi is a semi-state. The central government bears all its hefty expenses. Delhi government is a big municipality. It has been given a budget of about Rs 70,000 crore, but apart from that Rs 9500 crore is taken as grant from the central government. What is the need of distributing 'free raveriyas' to such a so-called state? The central government is providing education, treatment etc. In fact, in the coming time, the Comptroller and Auditor General will reveal the irregularities of the Kejriwal government. It has been four months since AAP formed the government in Punjab. Punjab has a debt of about Rs 4 lakh crore, n, 1000 rupees per month to women etc.

# Angoori sister-in-law gets hurt due to bad bed, the makers will make a new bedroom

Actress Shubhangi Atre, who played the character of Angoori Bhabhi in the TV show 'Bhabiji Ghar Par Hain', recently got injured. Shubhangi Atre was at her home when she sprained her back while lifting the hydraulic bed. The doctor has advised him to take rest and be careful while lifting any weight. Shubhangi plays one of the most famous characters of 'Bhabiji Ghar Par Hain' and she replaced Shilpa Shinde. How did the show's Angoori sister-in-law get injured? - Regarding the injury, Shubhangi Atre said, 'I had a serious injury in 2010 and that injury still haunts me. If I inadvertently lift something heavy, my back muscles spasm and friction. I tried to lift my hydraulic bed a few days back when I felt that its spring had broken. The doctor gave this advice to Shubhangi Atre - Shubhangi Atre told, 'The weight of the whole bed came on my waist, which caused a lot of pain. For three or four hours I could not even walk and could not bear the pain. Then I went to the doctor and he advised me to take bed rest for 3 days and gave painkillers and other medicines. He also advised me to be very careful and never lift anything heavy in my life. Can't stay at home for long. So I spoke to our producer Binaifer Kohli and the production team is planning the shooting keeping my condition in mind. I am shooting my scenes sitting on a chair. I have been told not to walk briskly, bend over or climb stairs. New bedroom being built for Shubhangi Atre- Angoori sister-in-law of 'Bhabiji Ghar Par Hain' said that our team is planning to make a temporary bedroom on the ground floor, as I have to take the stairs to reach the original bedroom kept on the first floor Can't climb My team is taking very good care of me during the shoot. The joy that comes from shooting and being entertained is greater for me than the pain caused by an injury.



# Rashmi Desai increased the beats of fans in a transparent dress, there were trolls earlier and now people telling 'mermaid'

Bigg Boss fame TV actress Rashmi Desai has got a photoshoot done wearing a transparent dress, whose pictures she herself has shared on the internet. In the pictures, Rashmi Desai is seen wearing a light blue color dress. Rashmi Desai was recently trolled for sharing a workout video and Rashmi Desai, who was a victim of fat shaming on the previous video, has now shared these bold pictures. Rashmi Desai won the hearts of fans in bold style - Photos In this, Rashmi Desai is seen giving a ravishing look in open hair and she is wearing matching color eye shadow and she is wearing heels with this high slit dress. Many comments came on the pictures within a few minutes and most people have praised her look. One user wrote in the comment section - You are looking amazing. People in transparent dress told Rashmi a mermaid - another user commented, 'Sirl'. Another user wrote, 'Heroine'. One person wrote that since long I was waiting for such a post. But most of the users have used words like mermaid or mermaid in praise for them. Let us tell you that Rashmi Desai, who was a part of Bigg Boss season 13, recently shared a video of herself doing a handstand. If not concerned about fitness, why do you put videos? - Rashmi Desai was fat-shamed for this video and users Said that when she does not take her fitness very seriously, then why does she need to share fitness and workout videos again and again. Let us inform that Rashmi Desai had clashed with late actor Siddharth Shukla in Bigg Boss and this season was very much discussed.

